आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

12.01.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली अपने विकास की तरफ कदम बढ़ाते हुए, एक और उपलब्धि इस कड़ी में जोड़ लिया है । आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना स्थित रेलवे अस्पताल में नई नियुक्ति व पदोन्नति के उपरांत आवश्यक विभागीय चिकित्सीय जॉच परीक्षा की सुविधा आरम्भ कर दी गई है ।

विदित है कि पूर्व में यह चिकित्सीय जॉच उत्तर रेलवे के लखनऊ स्थित मंडल चिकित्सालय में यहां के कर्मचारियों को जाना पड़ता था । चिकित्सीय जॉच की सुविधा आरेडिका स्थित रेलवे अस्पताल में आरंभ होने से न केवल कर्मचारियों को लखनऊ आने–जाने की परेशानियों से निजात मिल गया बल्कि चिकित्सीय जॉच में पूर्व में दो–तीन कार्य दिवस लग जाते थे उससे भी निजात मिल गया है । महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा ने आरेडिका अस्पताल की इस उपलब्धि के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल गुप्ता व उनकी टीम को बधाई देते हुए खुशी जताई।

आरेडिका स्थित रेलवे अस्पताल में नई फिजियोथरेपी सेंटर, रेडियोलॉजी लैब, पेथोलॉजी व बायो–केमेस्ट्री लैब की शुरूआत की गई है, साथ ही नये ड्रार्क–रूम (नेत्र जॉच हेतु) की शुरूआत की गई है ।

इन सुविधाओं के आरंभ हो जाने से आरेडिका में नई नियुक्तियां व पदोन्नति पर आवश्यक चिकित्सीय जॉच हेतु अब कर्मचारियों को लखनऊ के बजाय स्थानीय स्तर पर ही हो जा रहा है ।

12/1

(आर.पी.शर्मा)
मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी